Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an over bridge at Jugsalai in Jamshedpur Parliamentary Constituency, Jharkhand

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर अंतर्गत जुगसलाई ओवरब्रिज का निर्माण रेलवे अधिकारियों के गलत निर्णयों के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। रेलवे अधिकारियों के द्वारा पहले रेलवे की जमीन 10 हजार स्क्वायर फीट के बदले 7 करोड़ रूपये तय हुई थी, जब राज्य सरकार उक्त राशि देने को तैयार हुई और निविदा भी निकाल दी तो इसी जमीन का मूल्य अब रेलवे के द्वारा जी.एस.टी. का नाम लेकर 12 करोड़ रूपये मांग की जा रही है। इस ओवरब्रिज की मांग विगत 70 वऐाॅ से है, लेकिन रेल विभाग द्वारा इस दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अगर रेलवे को बनाने में दिक्कत हो रही है तो दिन में भारी आवागमन को देखते हुए मालगाड़ी को वहीं पर रोक दिया जाए क्योंकि प्रतिदिन रेलवे लाईन के पार करते समय दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

अतः उपरोक्त विऐाय में माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित को देखते हुए अविलम्ब जुगसलाई ओवरब्रिज का निर्माण करवाने की कृपा की जाए।